# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE - HINDI

# CURRENT AFFAIR BOOSTER

**11 – 03 – 2023**

**SATURDAY**



## 1. केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने 8 वें राष्ट्रीय फोटोग्राफी पुरस्कार किए प्रदान




केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने नई दिल्ली में 8 वें राष्ट्रीय फोटोग्राफी पुरस्कार प्रदान किए। समारोह के दौरान आज कुल तेरह पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें पेशेवर और शौकिया श्रेणी में 6-6 पुरस्कार शामिल थे। व्यावसायिक श्रेणी के लिए विषय "जीवन और जल" था, जबकि एमेच्योर श्रेणी में विषय "भारत की सांस्कृतिक विरासत" था।कुल 13 पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें एक लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार और 3,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार शामिल है; प्रोफेशनल फोटोग्राफर ऑफ द ईयर श्रेणी और एमेच्योर फोटोग्राफर ऑफ द ईयर श्रेणी में क्रमशः 1,00,000 रुपये और 75,000 रुपये के नकद पुरस्कार के साथ एक पुरस्कार; और पेशेवर और एमेच्योर दोनों श्रेणियों में 5 विशेष उल्लेख पुरस्कार क्रमशः 50,000 रुपये और 30,000 रुपये के नकद पुरस्कार के साथ हैं।पुरस्कारों के लिए जूरी के अध्यक्ष श्री विजय क्रांति ने दर्शकों को सूचित किया कि लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए कुल 9 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं, जबकि जूरी सदस्यों की सिफारिश पर श्रेणी में 12 प्रविष्टियां दर्ज की गई थीं। उन्होंने आगे बताया कि पेशेवर श्रेणी के लिए कुल 4,535 छवियों के साथ 462 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं।

## 2. नई दिल्ली में अफगानिस्तान पर 'भारत-मध्य एशिया संयुक्त कार्य समूह' की पहली बैठक का हुआ आयोजन



नई दिल्ली में अफगानिस्तान के बारे में भारत-मध्य एशिया कार्य समूह की पहली बैठक हुई। इसमें भारत, कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान के विशेष दूतों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।बैठक के दौरान अफगानिस्तान की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई। इसमें राजनीतिक सुरक्षा और मानवीय स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया। सम्प्रभुत्ता के सम्मान, एकता क्षेत्रीय अखंडता और आंतरिक मामले में हस्तक्षेप न करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। सभी प्रतिभागियों ने शांतिपूर्ण, सुरक्षित और स्थिर अफगानिस्तान को समर्थन देने पर जोर दिया। बैठक में आतंकवाद, कट्टरवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी जैसे खतरों और इनसे निपटने के लिए तौर-तरीकों की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। उन्होंने यह भी कहा कि अफगानिस्तान की भूमि को आतंकवादियों को शरण देने, उन्हें प्रशिक्षित करने और उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए इस्तेमाल करने की अनुमति न दी जाये।बैठक में अफगानिस्तान के सभी नागरिकों के अधिकारों को सम्मान देने के लिए एक समग्र और प्रतिनिधित्व पर आधारित राजनीतिज्ञ ढांचे के निर्माण के महत्व पर जोर दिया गया। भारत-मध्य एशिया संयुक्त कार्यसमूह में शामिल सभी पक्षों ने अफगानिस्तान की वर्तमान मानवीय स्थिति पर चिंता व्यक्त की और मानवीय सहायता जारी रखने पर बल दिया।

## 3. इंडोनेशिया अपनी राजधानी जकार्ता से बोर्नियो द्वीप कर रहा स्थानांतरित



सरकार वर्तमान राजधानी जकार्ता को छोड़ बोर्नियो द्वीप पर ले जाने की प्रक्रिया में है. कि नई राजधानी एक 'स्थायी वन शहर' होगा, जहां पर्यावरण को केंद्र में रखते हुए विकास किया जाएगा. साथ ही इसे 2045 तक कार्बन न्यूट्रल बनाने के लक्ष्य के साथ विकसित किया जाएगा. हालांकि पर्यावरणविदों का कहना है कि इससे अस्तित्व के संकट से जूझ रही वनमानुष जैसी प्रजातियां और जनजातीय लोगों पर गंभीर खतरा मंडराने लगा है. विशेषज्ञों और तमाम लोगों के विरोध के सुरों को देखते हुए फिलहाल नई राजधानी की साइट तक सीमित लोगों को ही जाने की अनुमति दी जा रही है. मीडिया में एसोसिएटेड प्रेस को मार्च की शुरुआत में निर्माण की प्रगति देखने के लिए साइट के कुछ हिस्सों का दौरा करने की अनुमति दी गई थी. कि आखिर राजधानी क्यों बदली जा रही है. इसको लेकर इंडोनेशिया सरकार की योजनाएं क्या हैं और आखिर सामाजिक और पर्यावरण कार्यकर्ता इस योजना को पर्यावरण, लुप्तप्राय वन्य प्रजातियों और स्वदेशी समुदायों के लिए गंभीर खतरा क्यों बता रहे हैं. जकार्ता में एक करोड़ के आसपास लोग रहे हैं. इससे तीन गुना ज्यादा लोग इसके आसपास रह रहे हैं. इसे दुनिया का सबसे तेजी से डूबने वाला शहर बताया जा रहा है. जकार्ता के जावा सागर में डूबने की जो मौजूदा दर है

### 4. केंद्र सरकार ने बीएसएफ भर्ती में पूर्व-अग्निवीरों को 10 प्रतिशत' आरक्षण देने की जारी की अधिसूचना



केंद्र सरकार ने सशस्त्र सीमा बल (बीएसएफ) मे भर्तियों में पूर्व-अग्निवीरों के लिए 10% आरक्षण की घोषणा की है। यही नहीं अग्निवीरो को ऊपरी आयु-सीमा मानदंडों में भी छूट देने का फैसला किया है। ये इस बात पर निर्भर करता है कि वे पहले बैच का हिस्सा हैं या बाद के बैचों का। कि पूर्व-अग्निवीरों के पहले बैच के उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु-सीमा में पांच वर्ष तक की छूट दी जाएगी, जबकि बाद के बैचों के उम्मीदवारों के लिए, ऊपरी आयु-सीमा में तीन वर्ष की छूट दी गई है। इतना ही नहीं, अधिसूचना में कहा गया है कि पूर्व अग्निवीरों को "शारीरिक दक्षता परीक्षा" से भी छूट दी जाएगी।बड़े पैमाने पर चार साल के अल्पकालिक अनुबंध के आधार पर आलोचना के बाद यह कदम सेना, नौसेना और वायु सेना में साढ़े 17 साल से 21 साल के बीच की उम्र के युवाओं की भर्ती के लिए प्रदान की जाने वाली योजना के बाद आया है। चार साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रत्येक बैच से 25 प्रतिशत भर्तियों को नियमित सेवा की पेशकश की जाएगी। योजना के इस प्रावधान के खिलाफ नौकरी के इच्छुक युवाओं द्वारा विरोध किया गया।इसके बाद, कि सीएपीएफ या अर्धसैनिक बलों में भर्ती के लिए 10 प्रतिशत रिक्तियां अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगी।

### 5. प्रधानमंत्री ने 'आपदा जोखिम न्यूनीकरण' के राष्ट्रीय मंच के तीसरे सत्र का किया उद्घाटन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आपदा जोखिम न्यूनीकरण राष्ट्रीय मंच (एनपीडीआरआर) के तीसरे सत्र का उद्घाटन करेंगे। एनपीडीआरआर के तीसरे सत्र का विषय 'बदलती जलवायु में स्थानीय मजबूती की रचना' है, जो जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर तेजी से बदलते आपदा जोखिम परिदृश्य के संदर्भ में, स्थानीय क्षमताओं के निर्माण के लिए, भारत के प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 10-सूत्रीय एजेंडा से जुड़ा हुआ है। सत्र में जोशीमठ/जम्मू-कश्मीर में जमीन धंसने के कारणों और उसके बचाव पर विशेष चर्चा होगी। एनपीडीआरआर में केंद्रीय मंत्रियों, राज्यों के आपदा प्रबंधन मंत्रियों, सांसदों, स्थानीय निकायों के प्रमुखों, विशिष्ट आपदा प्रबंधन एजेंसियों के प्रमुख, शिक्षाविद, निजी क्षेत्र के संगठनों, मीडिया और नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधियों सहित 1000 से अधिक विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।सम्मेलन के दौरान जोशीमठ और जम्मू-कश्मीर में धंस रही जमीन की घटनाओं पर चर्चा करने के अलावा वहां की जांच रिपोर्ट पर बातचीत होगी। ऐसी घटनाओं का मूल कारण क्या रहा है और भविष्य में उससे बचाव का तरीका क्या होगा, इस पर चर्चा की जाएगी। देश के किसी भी हिस्से में प्राकृतिक आपदा, मसलन बाढ़, भूकंप, जमीन धंसना, पहाड़ियों का खिसकना, तेजी से पिघलते ग्लेशियर और नदी के बहाव से होने वाला कटाव, इन बातों पर भी सम्मेलन में विशेषज्ञ अपनी बात रखेंगे। गत दिनों तुर्किये में आए भूकंप के बाद राहत एवं बचाव कार्य के लिए वहां पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने 'ऑपरेशन दोस्त' शुरू किया था।

### 6. उपराष्ट्रपति ने डॉ कर्ण सिंह द्वारा लिखित 'मुंडक उपनिषद: द ब्रिज टू इम्मॉर्टलिटी' पुस्तक का किया विमोचन



भारतीय विद्या भवन ने इस पुस्तक को शुरू में 1987 में जारी किया था। लेकिन, वर्तमान संस्करण अद्वितीय है क्योंकि इसमें डॉ. कमल किशोर मिश्रा द्वारा डॉ. कर्ण सिंह के ग्रंथों का हिंदी अनुवाद शामिल है, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार संस्कृत पाठ का अनुवाद भी किया है। जम्मू के श्री रघुनाथ मंदिर के श्री रणबीर संस्कृत अनुसंधान केंद्र में बड़े संग्रह से छह प्राचीन पांडुलिपियां भी जोड़ी गई हैं। इन दस्तावेजों में आदि शंकराचार्य और पंडित नारायण द्वारा प्राथमिक पाठ के साथ-साथ भाष्य, भाष्य-तिप्पनम और दीपिका-टिप्पणियां शामिल हैं, यह दर्शाती हैं कि इस महत्वपूर्ण उपनिषद को कई शताब्दियों में देवनागरी लिपि के पुराने और नए कश्मीरी प्रकार दोनों में लिखा गया है।डॉ. कर्ण सिंह को सार्वजनिक जीवन में 70 वर्षों के उनके असाधारण रिकॉर्ड के अलावा एक बौद्धिक और छात्रवृत्ति और कलात्मक प्रयासों के संरक्षक के रूप में अच्छी तरह से पहचाना जाता है, जो 18 साल की उम्र में शुरू हुआ था जब उन्हें उनके पिता महाराजा हरि सिंह द्वारा जम्मू और कश्मीर का रीजेंट नामित किया गया था। उनके सबसे हालिया उपन्यास शिव: किंग ऑफ द कॉस्मिक डांस (स्पीकिंग टाइगर) और रिफ्लेक्शंस हैं, जो उनकी 20 से अधिक प्रकाशित रचनाओं (शुभी प्रकाशन) में से हैं।

### 7. नेपाल ने राम चंद्र पौडेल को अपना अगला राष्ट्रपति चुना...



राम चंद्र पौडेल को नेपाल के नए राष्ट्रपति के रूप में सेवा करने के लिए चुना गया है। नेपाली चुनाव आयोग के अनुसार, उन्हें 33,800 इलेक्टोरल वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी सुभाष चंद्र नेम्बवांग को 15,500 वोट मिले। रामचंद्र पौडेल को प्रांतीय विधानसभाओं के 352 सदस्यों और संसद के 214 सदस्यों से वोट मिले।संघीय संसद और प्रांतीय विधानसभा के प्रतिनिधियों से बना एक निर्वाचक मंडल राष्ट्रपति का चयन करता है। नेपाल के राष्ट्रपति चुनाव में मतदाताओं की कुल संख्या 882 है, जिसमें देश की सात प्रांतीय विधानसभा में से प्रत्येक के 550 प्रतिनिधि और संसद के 332 सदस्य शामिल हैं। नेपाल के नए राष्ट्रपति के रूप में, वह विद्या देवी भंडारी की जगह लेंगे।

### 8. रक्षा मंत्रालय ने 6 डोर्नियर विमान खरीदने के लिए एचएएल के साथ अनुबंध किया



रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायु सेना के लिए 667 करोड़ रुपये की लागत से छह डोर्नियर विमान खरीदने के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक सौदा किया। रक्षा मंत्रालय ने अनुबंध की घोषणा करते हुए कहा कि छह विमानों के शामिल होने से दूरदराज के क्षेत्रों में भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता और बढ़ेगी।रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) से 667 करोड़ रुपये की लागत से भारतीय वायु सेना (IAF) के लिए छह डोर्नियर-228 विमानों की खरीद के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए. इन विमानों का उपयोग भारतीय वायु सेना द्वारा रूट ट्रांसपोर्ट और संचार सेवाओं के लिए किया गया जाएगा. इसके अलावा इनका उपयोग भारतीय वायुसेना के परिवहन पायलटों के प्रशिक्षण में भी होगा. छह विमानों की वर्तमान खेप एक अपग्रेडेड फ्यूल एफिशिएंट इंजन के साथ पांच-ब्लेड वाले प्रोपेलर के साथ खरीदी जाएगी. यह विमान पूर्वोत्तर के आधे-अधूरे तैयार और छोटे रनवे समेत द्वीपों के लिहाज से बिल्कुल उपयुक्त हैं. इनके अलावा छह विमानों के शामिल होने से दूर-दराज के इलाकों में भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता में और इजाफा होगा.

## QUIZ

**1. भारत ने किस देश के साथ सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन और इनोवेशन पार्टनरशिप पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है-**

**(a) जापान**
**(b) फ्रांस**
**(c) ऑस्ट्रेलिया**
**(d) यूएसए**

**Explanation - : भारत और अमेरिका ने सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन और इनोवेशन पार्टनरशिप पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है. वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिकी वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो के बीच आज नई दिल्ली में इस पर हस्ताक्षर किए गए. दोनों देशों के बीच नए व्यापार और निवेश के अवसरों को खोलने के लिए सहयोग पर चर्चा करने के लिए भारत-अमेरिका वाणिज्यिक वार्ता भी फिर से शुरू की गई है.**

**2. चीन के राष्ट्रपति के रूप में किसे तीसरे कार्यकाल के लिए चुना गया है-**

**(a) हू जिंताओ**
**(b) ली युआनचाओ**
**(c) शी जिनपिंग**
**(d) हान झेंग**

**Explanation - : राष्ट्रपति शी जिनपिंग को तीसरी बार चीन का राष्ट्रपति चुन लिया गया. पिछले वर्ष अक्टूबर में चीन की पीपल्स पार्टी की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें नेशनल पीपल्स कांग्रेस में शी जिनपिंग को शीर्ष नेता चुन लिया गया था. शी जिनपिंग को राष्ट्रपति चुनने के पक्ष में रिकॉर्ड 2,952 मत पड़े वही विरोध में एक भी मत नहीं पड़े. शी जिनपिंग वर्ष 2013 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के प्रेसिडेंट बने थे. इसके साथ ही उन्हें चीन के सेंट्रल मिलिट्री कमीशन का अध्यक्ष भी चुन लिया गया है.**

**3. कौन इंडियन एयर फ़ोर्स की फ्रंटलाइन कॉम्बैट यूनिट की कमान संभालने वाली पहली महिला बनी है-**

(a) शालिजा धामी
(b) शिवा चौहान
(c) अवनि चतुर्वेदी
(d) शिवांगी सिंह

**Explanation - : भारतीय वायुसेना की ग्रुप कैप्टन शालिजा धामी (Shaliza Dhami) को पश्चिमी क्षेत्र में फ्रंटलाइन कॉम्बैट यूनिट की कमान संभालने के लिए चुना गया है .तीनों सेवाओं में किसी कॉम्बैट यूनिट की कमान संभालने वाली वह पहली महिला होंगी. ग्रुप कैप्टन धामी को 2003 में एक हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में भारतीय वायुसेना में नियुक्त किया गया था और उनके पास 2,800 घंटे से अधिक उड़ान का अनुभव है. महिलाओं को भारतीय वायु सेना में 30 से अधिक वर्षों से शामिल किया गया है.**

**4. शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी किस देश के नए प्रधानमंत्री बने है-**

(a) कतर
(b) बहरीन
(c) ओमान
(d) संयुक्त अरब अमीरात

**Explanation - :कतर के आमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी को देश का नया प्रधान मंत्री नियुक्त किया है. शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने शेख खालिद बिन खलीफा बिन अब्दुलअजीज अल थानी का स्थान लिया. शेख मोहम्मद ने 2016 से विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया है. कतर एक प्रायद्वीपीय अरब देश है, इसकी राजधानी दोहा है और यहाँ की मुद्रा कतरी रियाल है.**

**5. 19वीं बिम्सटेक मंत्रिस्तरीय बैठक की अध्यक्षता किस देश के द्वारा की गयी-**

(a) भारत
(b) बांग्लादेश
(c) थाईलैंड
(d) भूटान

**Explanation - : विदेश राज्य मंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह ने बैंकॉक से वर्चुअली 19वीं बिम्सटेक मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लिया. इस बैठक की मेजबानी थाईलैंड की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. इस बैठक के दौरान, मंत्रियों ने कोर बिम्सटेक सिस्टम के लिए प्रक्रिया के नियमों सहित कई दस्तावेजों को मंजूरी दी. बिम्सटेक (BIMSTEC) सात दक्षिण एशियाई और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है. इसकी स्थापना 6 जून 1997 को बैंकाक घोषणा के माध्यम से की गयी थी. इसका मुख्यालय ढाका में स्थित है.**

**6. नेपाल के तीसरे राष्ट्रपति के रूप में किसे चुना गया है-**

(a) शेर बहादुर देउबा
(b) सुभाष चंद्र नेम्बांग
(c) रामबरन यादव
(d) राम चंद्र पौडेल

**Explanation - : नेपाल में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में राम चंद्र पौडेल ने जीत हासिल की है और उन्हें नेपाल के तीसरे राष्ट्रपति के रूप में चुन लिया गया है. पौडेल ने इस चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी सुभाष चंद्र नेम्बांग को हराया. वह मौजूदा राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी का स्थान लेंगे. नेपाली राष्ट्रपति के चुनाव में पौडेल को 33,802 वोट हासिल हुए, वही उनके प्रतिद्वंद्वी सुभाष चंद्र नेम्बवांग को 15,518 वोट मिले. वह 1999 से 2002 तक नेपाल के गृह मंत्री और उप प्रधान मंत्री रहे थे. इनका जन्म 15 अक्टूबर 1944 को तनहुन, नेपाल में हुआ था.**

**7. पांच दिवसीय 'यशांग उत्सव' किस राज्य में आयोजित किया जा रहा है-**

(a) बिहार

(b) मणिपुर

(c) असम

(d) राजस्थान

**Explanation - :** पांच दिनों तक चलने वाला यशांग उत्सव 7 मार्च 2023 को मणिपुर में शुरू हुआ. यह उत्सव लम्दा (फरवरी-मार्च) महीने की पूर्णिमा के दिन से शुरू होकर वसंत ऋतु में पांच दिनों तक मनाया जाता है. यह त्यौहार मीटी (Meetei) समुदाय द्वारा मनाया जाता है जो मुख्य रूप से हिंदू हैं, इसका आयोजन भी होली के समय किया जाता है. ऑल मणिपुर वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन (AMWJU) ने इस अवसर पर पांच दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया है. यशांग उत्सव मणिपुर के प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है. इस त्योहार का मुख्य आकर्षण थबल चोंगबा (ThabalChongba) है, जो एक पारंपरिक मणिपुरी लोक नृत्य है.

**8. अखिल भारतीय महिला लोक कला सम्मेलन का आयोजन किस शहर में किया गया है?**

(A) मुंबई

(B) हैदराबाद

(C) दिल्ली

(D) पंजाब

**Explanation - :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुंबई में अखिल भारतीय महिला लोक कला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मुंबई के प्रभादेवी स्थित रवीन्द्र नाट्य मंदिर में अखिल भारतीय महिला लोक कला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

**ONE LINER**

कोलंबिया ने 25 साल में पहली बार महिलाओं के लिए कौन सी सेवा खोली - सैन्य सेवा

किसने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बने-किलियन एम्बाप्पे

कौन IAF में लड़ाकू इकाई की कमान संभालने वाली पहली महिला अधिकारी बनीं-शालिजा धामी

किसने 8वें राष्ट्रीय फोटोग्राफी पुरस्कार प्रदान किए-केंद्रीय मंत्री

भारत की पहली महिला SC जज फातिमा बीवी पर वृत्तचित्र किस राज्य में जारी किया गया-केरल

किसने आठ मंत्रियों के साथ त्रिपुरा के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली-माणिक साहा

कौन नागालैंड की पहली महिला मंत्री बनीं-सल्हौतुओनुओ क्रूस

मणिपुर का सबसे बड़ा त्योहार कौन -सा है- जो शुरू हुआ-याओशांग

अश्विनी वैष्णव ने सिक्किम के लिए कौन सा कवर जारी किया-गो ग्रीन, गो ऑर्गेनिक’

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का खेल विभाग खेलो इंडिया दस का दम’ टूर्नामेंट कब से कब तक आयोजित करेगा-10 से 31 मार्च तक ‘

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने किस मिशन के तहत स्वच्छोत्सव का शुभारंभ किया-स्वच्छ भारत मिशन अर्बन 2.0

कौन न्यूयॉर्क जिला अदालत के पहले भारतीय-अमेरिकी न्यायाधीश बने-अरुण सुब्रमण्यन